**परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था**
भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का स्वायत्त निकाय
फोन: (022) 25565049 / 25571501 / 25503328 वेबसाइट: www.aees.gov.in

# शुद्धिपत्र

## शिक्षकों की भर्ती हेतु भर्ती सूचना सं.: प.ऊ.शि.सं./01/2019

उपर्युक्त भर्ती सूचना के अनुच्छेद सं.: सी.2; सी.3; सी.4.1; सी.4.2 और सी.5.1 के अंतर्गत उल्लिखित "60% अंक" को संशोधित कर "50% अंक" किया गया है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त, 2019 तक बढ़ा दी गई है। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.aees.gov.in या https://aees.mahaonline.gov.in देखें।

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

**(भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग का स्वायत्त निकाय)**

**भर्ती सूचना**

**भर्ती सूचना संख्या प.ऊ.शि.सं./01/2019**

## क. परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था के विषय में

परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था (प.ऊ.शि.सं.) भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 15 केन्द्रों पर 31 विद्यालयों/ कनिष्ठ महाविद्यालयों का संचालन करती है। विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था के बारे में अधिक जानकारी वेबसाइट www.aees.gov.inपर देखी जा सकती है। अधोल्लिखित विभिन्न शिक्षण पदों पर भर्ती हेतु परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थाभारतीय नागरिकों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करती है।वेतन एवं भत्ते प.ऊ.शि.सं. पर समय-समय पर लागू सीमा तक केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार हैं।

रिक्तियों की संख्या, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, चयन प्रक्रिया इत्यादि संबंधी विवरण नीचे दिए गए हैं।

## ख. रिक्तियां

| क्र. सं. | पदों की श्रेणी | पद कोड | पद समूह | पद | अ. जा. | अ. ज.जा. | अ.पि.व. | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | रिक्तियों की कुल सं. | पी.डब्ल्यू.बी.डी.* (वी.एच./एच.एच./ओ.एच./अन्य) | वेतन मैट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पी.जी.टी. | 12 | समूह- ख | पी.जी.टी. (हिंदी) | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | लेवल-8 की सेल-1 |
| 2 | | 15 | | पी.जी.टी. (भौतिक विज्ञान) | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | |
| 3 | | 16 | | पी.जी.टी. (रसायन विज्ञान) | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | |
| 4 | टी.जी.टी. | 31 | | टी.जी.टी. (अंग्रेजी) | 01 | 0 | 0 | 03 | 0 | 04 | 0 | लेवल-7 की सेल-1 |
| 5 | | 32 | | टी.जी.टी. (हिंदी/संस्कृत) | 0 | 0 | 03 | 05 | 0 | 08 | 0 | |
| 6 | | 34 | | टी.जी.टी. (गणित/भौतिक विज्ञान) | 0 | 01 | 01 | 02 | 0 | 04 | 01 | |
| 7 | | 35 | | टी.जी.टी.(रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान) | - | 01 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | |
| 8 | | 36 | | टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान) | 01 | 0 | 01 | 02 | 0 | 04 | 0 | |
| 9 | | 41 | | पुस्तकालयाध्यक्ष | 0 | 0 | 01 | 01 | 0 | 02 | 0 | |
| 10 | | 42 | | विशेष शिक्षक | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 01 | 0 | |
| 11 | प्राथमिक शिक्षक | 05 | | प्राथमिक शिक्षक | 04 | 02 | 08 | 13 | 03 | 30 | 01 | लेवल-6 की सेल-1 |
| | | | | कुल | 06 | 04 | 14 | 30 | 03 | 57 | 02 | |

*पी.डब्ल्यू.बी.डी. कोटा के लिए नियुक्त अभ्यर्थी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ अनारक्षित/ई.डब्ल्यू.एस. के लिए संबंधित आरक्षण की रिक्तियों के विरुद्ध समायोजित होंगे।

**संक्षेपण:**

**पी.जी.टी.:** स्नातकोत्तर अध्यापक, **टी.जी.टी.:** प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक, **प्रा.शि.:** प्राथमिक शिक्षक, **अ.जा.:** अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.:** अनुसूचित जनजाति, **अ.पि.व.:** अन्य पिछड़ा वर्ग, **अना.:** अनारक्षित,**ई.डब्ल्यू.एस.:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, **पी.डब्ल्यू.बी.डी.:**वेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति, **वी.एच.:** दृष्टि अशक्त, **एच.एच**.: श्रवण अशक्त, **ओएच:** अस्थि अशक्त

अन्य**:**

(क) दृष्टिबाधित और अल्प दृष्टि;

(ख) बधिर और कम सुनने वाला;

(ग) मस्तिष्क पक्षाघात, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मांसपेशीय दुर्विकास सहित लोकोमोटर दिव्यांगता;

(घ) ऑटिज़्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशेष अधिगम दिव्यांगता और मानसिक रोग;

(ङ) बधिर-दृष्टिबाधित सहित खंड (क) से (घ) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में से बहु- दिव्यांगताएं

**ग. सभी पदों के लिए अनिवार्य व वांछित अर्हताएं**

**ग.1 अनिवार्य व वांछित अर्हताओं से संबंधित सभी पदों के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां**

क) जहां भी अंक जी.पी.ए./ सी.जी.पी.ए. रूप में लिखें हैं, यह समझा जाए कि अंक संबंधित विश्वविद्यालय/ संस्थान के प्रतिमानकों के अनुरूप प्रतिशत में परिवर्तन पद्वति द्वारा प्राप्त हैं। विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा जारी अनुलिपि (ट्रांसक्रिप्ट) प्रस्तुत की जाएं।

ख) विशेष शिक्षक पद के सिवाय विशेष शिक्षा में बी.एड. उपाधि धारक आवेदक इन पदों के लिए पात्रनहीं हैं।

ग) सभी पदों के लिए हिंदी और कम्प्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान वांछित है।

घ) पद कोड 12 व 32 के सिवाय सभी पदों के लिए अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन प्रवीणता अनिवार्य है। पद कोड 12 व 32 के लिए हिंदी माध्यम से अध्यापन प्रवीणता अनिवार्य है।

**ग.2 पद कोड 12, 15व 16 के लिए अनिवार्य अर्हताएं**

क) तालिका **ग.**2.1 में उल्लिखित विषयों के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथमान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से निष्णात उपाधि और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. उपाधि या समतुल्य

अथवा

तालिका **ग.**2.1 में उल्लिखित विषयों के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान से बी.एड. के साथ छ: वर्षीय एकीकृत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (बारहवीं के बाद)

अथवा

तालिका **ग.**2.1 में उल्लिखित विषयों के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से चार वर्षीय बी.ए.एड./बी.एससी.एड. उपाधि

**ग.2.1 विषय पदवार**

| क्र.सं. | पद कोड | पद | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | 12 | **पी.जी.टी. (हिंदी)** | हिंदी या संस्कृत में स्नातकोत्तर और सभी तीन वर्ष में एक विषय के रूप में हिंदी के साथ स्नातक तथा अध्यापन विषय के रूप में हिंदी या संस्कृत के साथ बी.एड. |
| 2 | 15 | **पी.जी.टी. (भौतिक विज्ञान)** | भौतिक विज्ञान /इलेक्ट्रॉनिक्स/अनुप्रयुक्त भौतिक विज्ञान/नाभकीय भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर और अध्यापन विषय के रूप में किसी विज्ञान विषय के साथ बी.एड. |
| 3 | 16 | **पी.जी.टी. (रसायन विज्ञान)** | रसायन विज्ञान/जैव-रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर और अध्यापन विषय के रूप में किसी विज्ञान विषय के साथ बी.एड. |

**ग.3 पद कोड 31, 32, 34, 35 और 36के लिए अनिवार्य अर्हताएं**

क) संबंधित विषय(यों) या विषयों के संयोजन (जैसा तालिका ग.3.1 में उल्लिखित है) और समग्र रूप में कम से कम 50% अंकों या समतुल्य जी.पी.ए. या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से तीन वर्षीय स्नातक उपाधि और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. उपाधि

अथवा

संबंधित विषय(यों) या विषयों के संयोजन (जैसा तालिका ग.3.1 में उल्लिखित है) और समग्र रूप में कम से कम 50% अंकों या समतुल्य जी.पी.ए. या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान/ राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से बी.एड. उपाधि के साथ चार वर्षीय एकीकृत स्नातक उपाधि

ख) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटैट) के प्रश्नपत्र- II में उत्तीर्ण।

**ग.3.1 <u>विषय संयोजन पदवार</u>**

| **क्र.सं.** | **पद कोड** | **पद** | **विषय/विषयों के संयोजन** |
|---|---|---|---|
| 1 | 31 | **टी.जी.टी. (अंग्रेजी)** | स्नातक के सभी तीन वर्षों में ऐच्छिक विषय के रूप में अंग्रेजी तथा अध्यापन विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ बी.एड. |
| 2 | 32 | **टी.जी.टी. (हिंदी/संस्कृत)** | स्नातक के सभी तीन वर्षों में ऐच्छिक विषय के रूप में हिंदी या संस्कृत तथा अध्यापन विषय के रूप में हिंदी या संस्कृत के साथ बी.एड. |
| 3 | 34 | **टी.जी.टी. (गणित/भौतिक विज्ञान)** | स्नातक के न्यूनतम दो वर्षों में गणित एवं भौतिक विज्ञान तथा अध्यापन विषय के रूप में किसी भी विज्ञान विषय के साथ बी.एड. |
| 4 | 35 | **टी.जी.टी.(रसायन विज्ञान/जीव विज्ञान)** | स्नातक के न्यूनतम दो वर्षों में रसायन विज्ञान और वनस्पति विज्ञान/जंतु विज्ञान तथा अध्यापन विषय के रूप में किसी भी विज्ञान विषय के साथ बी.एड. |
| 5 | 36 | **टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान)** | न्यूनतम दो वर्षों में निम्नलिखित विषयों में से किन्हीं दो के साथ स्नातक: इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र जिसमें एक इतिहास या भूगोल विषय होना चाहिए तथा अध्यापन विषय के रूप में सामाजिक विज्ञान या सामाजिक विज्ञान के किसी विषय के साथ बी.एड. |

**ग.4<u>पद कोड 41 व 42 के लिए अनिवार्य अर्हताएं</u>**

**ग.4.1<u>पुस्तकालयाध्यक्ष (पद कोड- 41)</u>**

क) कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि या समतुल्यउपाधि।

अथवा

कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में तीन वर्षीय स्नातक और पुस्तकालय विज्ञान में न्यूननम एक वर्षीय डिप्लोमा/उपाधि।

**ग.4.2<u>विशेष शिक्षक (पद कोड- 42)</u>**

क) किसी भी विषय में तीन वर्षीय स्नातक उपाधि।

ख) कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. (विशेष शिक्षा)।

अथवा

कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विशेष शिक्षा के सिवाय अन्य किसी विषय में बी.एड. और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विशेष शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा।

अथवा

कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विशेष शिक्षा के सिवाय अन्य किसी विषय में बी.एड. और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विशेष शिक्षा में स्नातकोत्तर प्रफेशनल डिप्लोमा।

ग) राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) द्वारा इस उद्देश्य के लिए तैयार दिशानिर्देशों के अनुरूप केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटैट) (प्रश्नपत्र-II) में उत्तीर्ण।

**ग.5<u>पद कोड 05 के लिए अनिवार्य अर्हताएं</u>**

**ग.5.1 <u>प्राथमिक शिक्षक (पद कोड- 05)</u>**

क) +2 लेवल पर अंग्रेजी एक विषय के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ उच्च माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा या इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या इसके समतुल्य और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा (डी.एल.एड.)।

अथवा

+2 लेवल पर अंग्रेजी एक विषय के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ उच्च माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा या इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या इसके समतुल्य और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रारंभिक शिक्षा में चार वर्षीय स्नातक उपाधि (डी.एल.एड.)।

अथवा

+2 लेवल पर अंग्रेजी एक विषय के साथ कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ उच्च माध्यमिक/ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रमाणपत्र परीक्षा या इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या इसके समतुल्य और किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा (डी.एड.)।

अथवा

कम से कम 50%समग्र अंकों या समतुल्य सी.जी.पी.ए. के साथ किसी भी विषय में स्नातक और शिक्षा स्नातक (बी.एड.)। हालांकि, प्राथमिक शिक्षक के रूप में नियुक्ति के दो वर्षों के अंदर उन्हेंअनिवार्य रूप में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एन.सी.टी.ई.) द्वारा मान्यता प्राप्त प्रारंभिक शिक्षा में छ: माह अवधि का ब्रिज कोर्स करना होगा।

ख) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटैट) (प्रश्नपत्र-I) में अर्ह। बी.एड. उपाधि धारक और केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटैट) (प्रश्नपत्र-II) में अर्ह आवेदक भी पात्र होंगे।

**घ. <u>ऊपरी आयु सीमा और रियायत</u>**

**घ.1 <u>ऊपरी आयु सीमा</u>**

**घ.1.1 <u>पद कोड 12, 15 व 16के लिए</u>**

ऊपरी आयु सीमा: आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि को 40 वर्ष

**घ.1.2 <u>पद कोड 31, 32, 34, 35, 36, 41 व 42 के लिए</u>**

ऊपरी आयु सीमा: आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि को 35 वर्ष

**घ.1.3 <u>पद कोड 05 के लिए</u>**

ऊपरी आयु सीमा: आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि को 30 वर्ष

**घ.2 <u>ऊपरी आयु सीमा में रियायत:</u>**

ऊपरी आयु सीमा में स्वीकृत अधिकतम रियायत निम्नवत् होगी:

**घ.2.1 अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी– उनके लिए आरक्षित पदों हेतु 5 वर्ष**

**घ.2.2** अन्य पिछड़ा वर्ग [गैर नवोन्नत वर्ग (नॉन- क्रीमी लेयर)]अभ्यर्थी– उनके लिए आरक्षित पदों हेतु 3 वर्ष

**घ.2.3** महिला अभ्यर्थी– सभी पदों के लिए 10 वर्ष

**घ.2.4** प.ऊ.शि.सं. के नियमित कर्मचारी-5वर्ष

**घ.2.5** केंद्र सरकार के नियमितकर्मचारी-5वर्ष

**घ.2.6** पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थी: आरक्षित पदों के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति-15वर्ष, अन्यपिछड़ावर्ग (एन.सी.एल.)-13वर्ष और अनारक्षित-10वर्ष

**घ.2.7** पूर्व-सैनिक और कमीशंड अफसर जिन्होंने कम से कम 5 वर्षों की सैन्य सेवाएं दी हैं, उन्हें निम्नलिखित के तहत ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्षों की रियायत है:

(i)सुपुर्द काम (एसाइनमेंट) पूर्णता (कदाचार या अदक्षता के कारण पदच्युति या सेवा-मुक्ति को छोड़कर जिनका सुपुर्द काम एक वर्ष में पूर्ण किया जाना नियत हैसहित) पर;

या

(ii) सैन्य सेवा के कारण शारीरिक अपंगता या अविधिमान्यकरण पर

**<u>नोट:</u>**

क) ऊपर्युक्त आयु सीमा की सभी रियायतें समवर्ती हैं अर्थात यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक रियायतों के लिए पात्र है तो उस व्यक्ति को उच्चतम अनुमत्य सीमा की केवल एक ही रियायत मिलेगी।

ख) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा में रियायत केवल उनकी श्रेणी के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए ही स्वीकार्य होगी।

ग) आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी जो अनारक्षित श्रेणी के पदों पर आवेदन करते हैं वे आयु एवं लिखित परीक्षा के अर्हक अंकों में किसी भी रियायत के लिए पात्र नहीं होंगे।

**ङ) सामान्य जानकारी (सभी पदों के लिए)**

ङ.1अभ्यर्थी जो भारत में कहीं भी सेवा देने के इच्छुक हैं, केवल वे ही आवेदन करें।

ङ.2 अभ्यर्थियों की पात्रता शर्तों और चयन की पद्धति और के संबंध में परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा।

ङ.3यात्रा भत्ता:केवल कौशल परीक्षण हेतु बुलाए जाने पर बाहर से आने वाले पात्र अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार सबसे छोटे मार्ग द्वारा आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी रेल किराया या साधारण राज्य परिवहन बस किराया दिया जाएगा। केन्द्र सरकार/राज्य सरकार निगमों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय सरकारी संगठनों और पंचायतों की सेवा में कार्यरत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों को कोई टी.ए. नहीं दिया जाएगा।

**ङ.4** प्रत्येक मामले (अर्थात् आयु सीमा, अनिवार्य अर्हता एवं अन्य मापदंड इत्यादि) के संबंध में सभी अभ्यर्थियों की पात्रता निर्धारण की तिथि आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

**ङ.5** अभ्यर्थियों की शैक्षिक और अध्यापन अर्हताओं की पात्रता भर्ती सूचना में विहित पात्रता के पूर्णत: अनुरूप होनी चाहिए।

**ङ.6** सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र केउपक्रमों/सरकारी स्वायत्त संस्थानों/केंद्र व राज्य सरकार के उपक्रमों में कार्यरत अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पूर्व अपने मूल संगठन को सूचित करने की सलाह दी जाती है। यदि वे पद के लिए चयनित होते हैं तो उन्हें अभ्यर्थी की भारमुक्ति के लिए 'अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)/सतर्कताअनापत्ति प्रमाणपत्र/ सेवा प्रमाणपत्रदस्तावेज सत्यापन/कौशल परीक्षणके समय जमा करने होंगे।

**ङ.7** यदि अभ्यर्थी पात्र और इच्छुक है तो वह एक से अधिक पदों के लिए आवेदन कर सकताहै। ऐसे मामलों में अभ्यर्थी को अलग-अलग आवेदन करना होगा और प्रत्येक आवेदन के लिए अपेक्षित शुल्क का भुगतान करना होगा। हालांकि, कोई अभ्यर्थी एक ही श्रेणी अर्थात पी.जी.टी., टी.जी.टी. में एक से अधिक पदों के लिए आवेदन नहीं कर सकता क्योंकि एक श्रेणी के सभी पदों के लिए लिखित परीक्षा एक ही समय (शिफ्ट) पर आयोजित की जायेगी।

**ङ.8** 40% या अधिक दिव्यांगता वाले पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थी यदि उन्हें स्क्राइव की आवश्यकता हो, को लिखित परीक्षा में अपनी सहायता के लिए अपनास्क्राइव लाना होगा।

क) दृष्टिबाधा, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों भुजा प्रभावित-बी.ए.) और मस्तिष्क पक्षाघातजो ऐसी दिव्यांगता के लिए दस्तावेज, **ङ**.18 में यथाल्लिखित,प्रस्तुति द्वारा समर्थित हों, की श्रेणी के वेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति के मामले में, अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के लिए अपना स्क्राइव ला सकता/सकती है।

**ख**) वेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति की अन्य श्रेणी के मामले में अनुलग्नक-। में इंगित प्रोफॉर्मा के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/ सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक द्वारा जारी ऐसा प्रमाणपत्र जिसमें निहित हो कि संबंधित व्यक्ति को लिखने में शारीरिक रुकावटें हैं और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइव अनिवार्य है, की प्रस्तुति पर स्क्राइव लाने की अनुमति होगी।

उपरोक्त दोनों मामलों में स्क्राइव की शैक्षिक योग्यता परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता से एक सीढ़ी कम होनी चाहिए।वेंचमार्क विकलांगता वाला अभ्यर्थी जो अपना स्क्राइव ला रहा है, को अनुलग्नक-।। में इंगित प्रोफॉर्मा के अनुसार स्क्राइव का विवरण देना होगा।

40% या अधिक दिव्यांगता वाले सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा के प्रति घंटे पर 20 मिनट का प्रतिकर समय दिया जायेगा। प्रश्नपत्र और उत्तर पत्रक ब्रैल में प्रदान नहीं किए जायेंगे।

**ङ.9**दृष्टिबाधितअभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य रियायत निकट दृष्टिदोष(मायोपिया) से पीड़ित अभ्यर्थियों के लिए स्वीकार्य नहीं होंगी।

**ङ.10** प.ऊ.शि.सं. को बिना कोई कारण दिए और बिना किसी अधिसूचना के किसी या सभी पदों को वापस लेने/ नहीं भरने/ समस्त भर्ती प्रक्रिया को निरस्त करनेअधिकार होगा।

**ङ.**11 इस संबंध मेंसभी अद्यतन सूचना केवल परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थाके भर्ती पोर्टल **(https://aees.mahaonline.gov.in)** और परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट**(www.aees.gov.in)**पर उपलब्ध होगी। सभी अभ्यर्थियों को सलाह है कि अद्यतन सूचना के लिए नियमित अंतराल पर परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थाके भर्ती पोर्टल और परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**ङ.**12 ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व भर्ती सूचना में परिवर्तन/ सुधार करने/ परिवर्धन करने का अधिकारभी प.ऊ.शि.सं. के पाससुरक्षित है, जिसके लिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसे परिवर्तनों या अन्य अद्यतनों के लिए परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था भर्ती पोर्टल **(https://aees.mahaonline.gov.in)** और परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट **(www.aees.gov.in)** का अवलोकन करते रहें।

**ङ.13** केवल पात्रता रखने के आधार पर कोई भीअभ्यर्थी लिखित परीक्षा और/याकौशल परीक्षण के लिए बुलाए जाने का हकदारनहीं होगा। किसी भी चरण में आवेदन को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था को होगा।

**ङ.14** अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि लिखित परीक्षा व कौशल परीक्षण में प्रवेश उनके द्वारा ऑनलाइन जमा आवेदन पत्रमें दी गईजानकारियों के आधार पर पूर्णतया अनंतिम होगा।कौशल परीक्षण के समय प्रस्तुत सभी मूल दस्तावेजों की भर्ती सूचना में यथाविनिर्दिष्टपात्रता के लिए जांच की जायेगी। यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी चरण में असत्य पाई जाती है या पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो अभ्यर्थीकी अभ्यर्थिता भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी अस्वीकार्य हो जायेगी।

**ङ.15** अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर नवोन्नत वर्ग (नॉन- क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार के कार्यालयों में रोजगार हेतु निर्धारित प्रोफॉर्मा में जारी जाति प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति अवश्य प्रस्तुत करनी होगा। प्रमाणपत्र में स्पष्ट उल्लेखित होना चाहिए कि अभ्यर्थी व्यक्ति/वर्ग(क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं है और यह प्रमाणपत्र कार्मिक, जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा परिचालित निर्धारित फार्मेट में होना चाहिए।केवल वित्तीय वर्ष 2018-19 के किसी माह के दौरान जारी गैर नवोन्नत वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) का विधिमान्य प्रमाणपत्र इस संबंध में स्वीकार किया जाएगा।

**ङ.16**आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी (ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभागद्वारा जारी परिपत्र के अनुसार निर्धारित प्रोफॉर्मा मेंसक्षम प्राधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार के कार्यालयों में रोजगार हेतु जारी प्रमाणपत्र की स्व-अनुप्रमाणित प्रति अवश्य प्रस्तुत करनी होगा।

**ङ.17** अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित पदों पर आवेदन कर रहे अभ्यर्थी या जो अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी के रूप में आवेदन शुल्क भुगतान से छूट चाहते हैं, उन्हें भारत सरकार के परिपत्र के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विधिमान्य जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

**ङ.18** पी.डब्ल्यू.बी.डी. के लिए आरक्षित पदों पर आवेदन कर रहे अभ्यर्थी या जो पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थी के रूप में आवेदन शुल्क भुगतान से छूट चाहते हैं, उन्हें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विधिमान्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।दृष्टिबाधा, लोकोमोटर दिव्यांगता (दोनों भुजा प्रभावित-बी.ए.) और मस्तिष्क पक्षाघात श्रेणी में बेंचमार्क विकलांगता वाले और अपनेस्क्राइव की सेवाएं लेने वाले अभ्यर्थियों को ऐसी दिव्यांगता का प्रमाणपत्र जमा करना होगा।

**ङ.**19 अदा किया गयाआवेदन शुल्क किसी भी परिस्थितिमें वापस नहींकिया जाएगा।

**ङ.**20 पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे भर्ती सूचना के अनुसार पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते हैं। लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण में प्रवेश पूर्णत: अस्थायी,कौशल परीक्षण के समय प्रस्तुत मूल दस्तावेजों के आधार पर निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने के तहत होगा।

**ङ.21** भर्ती सूचना के हिंदी और अंग्रेजी रूपों मेंयदि कोई विसंगति होती है तो उस अवस्था में भर्ती सूचना का अंग्रेजी रूप प्रभावी और मान्य होगा।

**ङ.22**अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण में उपस्थित होने के समय उनके संबंधितस्थानीय पुलिस थाना द्वारा जारी नवीनतम (आवेदन ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि से 3 माह से अधिक पुराना न हो) पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र (पी.वी.सी.) जमा करना होगा। पी.वी.सी. जमा न करने वाले अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण में बैठने की अनुमति नहीं होगी।

**ङ.**23लिखित परीक्षा के लिए स्क्रीन्ड-इन अभ्यर्थियों और कौशल परीक्षण के लिए अर्ह अभ्यर्थियों की सूची परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था भर्ती पोर्टल **(https://aees.mahaonline.gov.in)** और परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट**(www.aees.gov.in)**पर दी जायेगी।

**ङ.24**ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने में यदि किसी अभ्यर्थी को कोई समस्या हो तो वे सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे के बीच फोन नं. 022-61316408 पर संपर्क कर सकते हैं या aees.support@mahaonline.gov.in पर ई-मेल कर सकते हैं।

ङ.25लिखित परीक्षा के लिए स्क्रीन्ड-इन अभ्यर्थी अनुक्रमांक सहित प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

ङ.26लिखित परीक्षा आयोजन परिसर में पुस्तकें, मोबाइल फोन, टैब, कलकुलेटर या अन्यकोई इलेक्ट्रॉनिकसंचार उपकरण प्रतिबंधित हैं। इन अनुदेशों का कोई भी उल्लंघन अभ्यर्थी को अनर्ह कर सकता है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण के लिए आते समय उपरोक्त वस्तुओं को न लाएं क्योंकि परीक्षा केंद्र पर इन वस्तुओं की हिफ़ाजत की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

**ङ.27**लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण में भाग ले रहे अभ्यर्थियों को एक फोटो पहचान पत्र (जैसे-आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पैन कार्ड/ड्राईविंग लाइसेंस/ पासपोर्ट/ सरकारी संगठन से जारी कोई अन्य फोटो पहचान पत्र) साथ लाना होगा।

## च. <u>आवेदन ऐसे करें:</u>

**च.1** सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी प.ऊ.शि.सं. भर्ती पोर्टल (https://aees.mahaonline.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। **आवेदन के अन्य तरीकों/माध्यमों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।** आवेदन शुल्क भुगतान सेछूट आवेदन फॉर्म के संगत स्थान पर छूट श्रेणी का चयन करने पर स्वत: स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी। आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में संगत स्थान पर अपनी श्रेणी का चयन करें।

**च.2** आवेदन करते समय अभ्यर्थी के पास अपना विधिमान्य ई-मेल आईडी होना चाहिए। इस भर्ती की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान यह ई-मेल आईडी सक्रिय रखा जाना चाहिए। लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र तथा कौशल परीक्षण हेतु बुलावा पत्र पात्र अभ्यर्थियों द्वारा केवल निर्धारित पोर्टल से डाउनलोड तथा प्रिंट किया जा सकेगा। ये डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे।

**च.3** अभ्यर्थी का नाम, जन्म-तिथि, माता-पिता का नाम इत्यादि कक्षा X के प्रमाणपत्र/अंकपत्र में उल्लेखित विवरणों के अनुसार ही विनिर्दिष्ट करें। इसमें किसी प्रकार का अंतर होने पर अभ्यर्थी अनर्ह हो जायेगा।

**च.4** ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सभी विवरण सावधानी से भरें। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में निहित दिशानिर्देशों के अनुसारअभ्यर्थी **च.**6 में दर्शाए दस्तावेज स्कैन करें और उचित स्थानों पर अपलोड करें और उन्हें ऑनलाइन जमा करें। अभ्यर्थी कृपया सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन फॉर्म में उनके द्वारा भरा गया ब्यौरा और अपलोड किया गया उनका नवीनतम फोटो व हस्ताक्षर सभी प्रकार से सही हैं।अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि ऑनलाइन आवेदन फाइनल रूप में जमा कर दिए जाने के बाद कोई इसमें कोई परिवर्तन संभव नहीं होगा।

उपरोक्त दस्तावेजों की स्कैनिंग स्कैनर से करें। अभ्यर्थियों को सलाह है कि दस्तावेजों की स्कैनिंग मोबाइल कैमरा/ किसी ऐप से न करें, अन्यथा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

**च.5** पंजीकरण करने पर ई-मेल और/या एसएमएस द्वारा लॉगिन आईडी व पासवर्ड प्रदान किया जाएंगे जिन्हें यह भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक संभाल कर रखा जाए।

**च.6 दस्तावेज जिनकी स्कैन्ड प्रतियां (पीडीएफ फार्मेट में) आवेदन ऑनलाइन जमा करते समय अपलोड करनी हैं:**

I. जन्म-तिथि का प्रमाण
II. ङ.15/ङ.16/ङ.17/ङ.18 जो भी लागू हो, में दर्शाए अनुसार आरक्षण दावे का प्रमाण
III. ङ.15 यदि लागू हो, में दर्शाए अनुसार ‘अनापत्ति प्रमाणपत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र, सेवा प्रमाणपत्र
IV. नाम परिवर्तन के मामले में राजपत्र अधिसूचना
V. ग.2/ग.3/ग.4.1/ग.4.2/ग.5.1में दर्शाए अनुसार आवेदित पद के लिए अभ्यर्थी को पात्र बनाने वाली अनिवार्य अर्हताओं के प्रमाण
VI. नवीनतम रंगीन फोटो (.जेपीजी/ .जेपीईजी फार्मेट में)
VII. हस्ताक्षर (.जेपीजी/ .जेपीईजी फार्मेट में)

**च.7** अभ्यर्थियों को प.ऊ.शि.सं. भर्ती पोर्टल (https://aees.mahaonline.gov.in) से प्रवेश पत्र/बुलावा पत्र डाउनलोड तथा प्रिंट करने होंगे। अभ्यर्थियों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने हित में इस भर्ती के बारे में सभी अन्य अद्यतनों एवं बुलावा-पत्र संबंधित सूचना के लिए समय-समय पर प.ऊ.शि.सं. भर्ती पोर्टल (https://aees.mahaonline.gov.in) या प.ऊ.शि.सं. की वेबसाइट (www.aees.gov.in) का अवलोकन करते रहें। इस संबंध में प.ऊ.शि.सं. अभ्यर्थियों को न तो अलग से इसकी कोई सूचना देगी और न ही उनसे कोई पत्र-व्यवहार करेगी।


च.8 अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि व समय तक प्रतीक्षा न करते हुए शीघ्रताशीघ्र ऑनलाइन आवेदन करें। यदि अभ्यर्थी अंतिम समय में नेटवर्क की अतिव्यस्तता के कारण अपना आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं तो इसके लिए प.ऊ.शि.सं. जिम्मेदार नहीं होगी।

**च.9 ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु सामान्य निर्देश**

च.9.1 ऑनलाइन आवेदन शुरू करने से पूर्व अभ्यर्थी अपने पास निम्नलिखित विवरण/दस्तावेज/जानकारियां तैयार रखें:

i. ई-मेल आईडी
ii. मोबाइल नंबर
iii. व्यक्तिगत विवरण
iv. शैक्षिक अर्हता विवरण
v. ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान के लिए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ नेट बैंकिंग विवरण
vi. जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट में नवीनतम रंगीन फोटो (पिछले 6 माह में लिया गया)। कृपया सुनिश्चित करें कि फोटो अच्छी गुणवत्ता का हो और मोबाइल फोन कैमरा से न खींचा गया हो।
vii. काली स्याहीवाले बॉल प्वाइंट पेन से किए गए हस्ताक्षर की स्कैन्ड प्रति (जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट में)
viii. च.6 में यथाउल्लिखित दस्तावेजों की स्कैन्ड प्रति (पीडीएफ फॉर्मेट में)

**च.9.2 ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु अभ्यर्थियों द्वाराफ्लोचार्ट के अनुसार निम्नलिखित क्रमवार प्रक्रिया का अनुसरण किया जाएः**




**छ.** <u>**आवेदन शुल्क एवं भुगतान का माध्यम:**</u>

**छ.1** अभ्यर्थियों कोपरमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (अर्थात (https://aees.mahaonline.gov.in) पर दिए गए भुगतान विकल्प के माध्यम से और अपेक्षित सूचना भरते हुए रु. 750/- (रूपये सात सौ पचास केवल) आवेदन शुल्क के रूप में अदा करने होंगे। ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान करने की अंतिम बिंदु'ज'में उल्लिखित है।

**छ.2** महिला/अ.जा./अ.ज.जा./पी.डब्ल्यू.बी.डी./पूर्व-सैनिकअभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।आवेदन शुल्क भुगतान से छूट आवेदन फॉर्म के संगत स्थान पर छूट श्रेणी का चयन करने पर स्वत: स्क्रीन पर प्रदर्शित होगी।

**ज.कौशल परीक्षण के समय सत्यापन के लिए प्रस्तुत/जमा किए जाने वाले दस्तावेज:**

अभ्यर्थियों को निम्नलिखित प्रमाणपत्रों की मूल और स्व–अनुप्रमाणित प्रतियां लानी होंगी:-

**ज.1स्नातकोत्तर अध्यापक (पी.जी.टी.) (पद कोड- 12, 15 व16) पद के लिए**

I) रंगीन फोटो लगा आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित)
II) च.**6** में यथाल्लिखित सभी दस्तावेज
III) एच.एस.सी./ +2/ इंटरमीडिएट या समतुल्य का अंकपत्र
IV) स्नातक के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
V) स्नातक कीदीक्षांत उपाधि/अनंतिम प्रमाणपत्र
VI) स्नातकोत्तर के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
VII) स्नातकोत्तर की दीक्षांत उपाधि/अनंतिम प्रमाणपत्र
VIII) बी.एड. या समतुल्य के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र

**ज.2 प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टी.जी.टी.) (पद कोड- 31, 32, 34, 35, 36 व 42) पद के लिए**

I) फोटो लगा आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित)
II) च.**6** में यथाल्लिखित सभी दस्तावेज
III) एच.एस.सी./ +2/ इंटरमीडिएट या समतुल्य का अंकपत्र
IV) स्नातक के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
V) स्नातक की दीक्षांत उपाधि/अनंतिम प्रमाणपत्र
VI) बी.एड. या समतुल्य के सेमेस्टर/वर्षवार अंकपत्र
VII) सीटैट (सी.टी.ई.टी.) का अंक पत्रक

**ज.3 पुस्तकालयाध्यक्ष (पद कोड- 41) पद के लिए**

I) फोटो लगा आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित)
II) च.**6** में यथाल्लिखित सभी दस्तावेज
III) एच.एस.सी./ +2/ इंटरमीडिएट या समतुल्य का अंकपत्र
IV) स्नातक के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
V) स्नातक/स्नातकोत्तर की दीक्षांत उपाधि/अनंतिम प्रमाणपत्र
VI) स्नातकोत्तर उपाधि/ डिप्लोमा के सभी वर्षों के सेमेस्टर/ वर्षवार अंकपत्र

**ज.4 प्राथमिक शिक्षक (पद कोड- 05) पद के लिए**

I) फोटो लगा आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट (अभ्यर्थी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित)
II) च.**6** में यथाल्लिखित सभी दस्तावेज
III) एच.एस.सी./ +2/ इंटरमीडिएट या समतुल्य का अंकपत्र
IV) डी.एड./डी.एल.एड./बी.एल.एड./बी.एड. के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
V) स्नातक यदि लागू हो, के सभी वर्षों के सेमेस्टर या वर्षवार अंकपत्र
VI) सीटैट (सी.टी.ई.टी.) का अंक पत्रक

**झ.चयन विधि**

**झ.1. सभी पदों के लिए**

अभ्यर्थी लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण में अपने प्रदर्शन के आधार पर चयनित होंगे।

**झ.1.1 शिक्षण पदों के लिए लिखित परीक्षा की योजना निम्नवत् है:**

| पद कोड | प्रश्नपत्र के खंड | अंक/ अवधि | संबंधित विषय(ओं) के लिए पाठ्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 12, 15, 16 | प्रत्येक 1 अंक वाले कुल100 बहु-विकल्पीय प्रश्न जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, तर्कसंगतता व संख्यात्मक अभिक्षमता, शिक्षण कार्य-प्रणाली तथा संबंधित विषय के प्रश्न होंगे | 100अंक/ $2\frac{1}{2}$घंटा | संबंधित विषय में स्नातकोत्तर स्तर तक यू.जी.सी. पाठ्यक्रम के अनुसार |
| 31, 32, 34, 35, 36, 41, 42. | प्रत्येक 1 अंक वाले कुल100 बहु-विकल्पीय प्रश्न जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, तर्कसंगतता व संख्यात्मक अभिक्षमता, शिक्षण कार्य-प्रणाली तथा संबंधित विषय के प्रश्न होंगे | 100अंक/ $2\frac{1}{2}$घंटा | संबंधित विषयों के संयोजन में स्नातक स्तर तक यू.जी.सी. पाठ्यक्रम के अनुसार |
| 05 | प्रत्येक 1 अंक वाले कुल100 बहु-विकल्पीय प्रश्न जिसमें सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी, तर्कसंगतता व संख्यात्मक अभिक्षमता, शिक्षण कार्य-प्रणाली तथा संबंधित विषय के प्रश्न होंगे | 100अंक/ $2\frac{1}{2}$घंटा | 10+2 स्तर तक एन.सी.ई.आर.टी./सी.बी.एस.ई.पाठ्यक्रम के अनुसार |

झ.1.2 कौशल परीक्षण के लिए अभ्यर्थियों का लघु सूचीयन:

(क) अनारक्षित/ई.डब्ल्यू.एस. रिक्तियों के लिए:

अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में 60%और अधिक अंक प्राप्त करेंगे, वे योग्यता क्रमसूची में लघु सूचीयन के लिए पात्र होंगे।

(ख) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पी.डब्ल्यू.बी.डी. रिक्तियों के लिए:

अभ्यर्थी जो लिखित परीक्षा में 54%और अधिक अंक प्राप्त करेंगे, वे योग्यता क्रमसूची में लघु सूचीयन के लिए पात्र होंगे।

अभ्यर्थियों का उपर्युक्त लघु सूचीयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में किया जायेगा।

लिखित परीक्षा में उपर्युक्त प्रतिमानकों के अनुसार अर्ह किसी पद के लिए अभ्यर्थियों की पर्याप्त संख्या न होने के अवस्था में परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था को कौशल परीक्षण के लिए अभ्यर्थियों को अपेक्षित संख्या में बुलाने के लिए लिखित परीक्षा के अंकों का न्यूनतम प्रतिशत कम करके (किंतु अनारक्षित/ई.डब्ल्यू.एस.रिक्तियों के लिए 55% से कम नहीं और

अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पी.डब्ल्यू.बी.डी. रिक्तियों के लिए49% से कम नहीं)अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या लघु सूचित करने का अधिकार होगा।

**झ.1.3** उपरोक्त योग्यता क्रमसूची से अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण के लिए बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा का परिणाम परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट के भर्ती टैब पर दिए लिंक पर क्लिक कर देखा जा सकेगा।कौशल परीक्षण के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या रिक्तियों की संख्या का लगभग 5 गुणा होगी। जो अभ्यर्थी कौशल परीक्षण के लिए अर्ह होंगे, उन्हें उनके पंजीकृत ईमेल आईडी पर ईमेल से सूचित किया जायेगा।

**झ.1.4** कौशल परीक्षण अर्ह प्रकृति का होगा और "गो"/"नो-गो"आधार पर आयोजित किया जायेगा। कौशल परीक्षण के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे।

अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षण निम्नवत् किया जायेगा।

अध्यापन कुशलता के लिए चाक और बोर्ड आधारित परीक्षण: अभ्यर्थियों को विषय उन्मुख शीर्षक दिए जायेंगे। अभ्यर्थियों को समिति के समक्ष अपनी अध्यापन योग्यता का प्रदर्शन करना होगा। परीक्षण में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें "गो"/"नो-गो" दिया जायेगा।

**झ.1.5** कौशल परीक्षण में 'गो' प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्यता क्रम में नामिकायन किया जायेगा। कौशल परीक्षण में "नो गो" प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों पर लिखित परीक्षा में उनकी योग्यता के बावजूद विचार नहीं किया जायेगा।

**झ.1.6** अभ्यर्थियों को रिक्ति उत्पन्न होने पर रिक्तियों के लिए पद का प्रस्ताव दिया जायेगा।

ञ. **महत्वपूर्ण तिथियां**

| क्र. सं. | भर्ती चरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का आंरभ | 30.06.2019 |
| 2 | आवेदन ऑनलाइन जमा करने की संशोधित अंतिम तिथि | 16.08.2019 |
| 3 | आवेदन शुल्क भुगतान करने की संशोधित अंतिम तिथि | 16.08.2019 |
| 4 | हॉल टिकट/प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की संशोधित आरंभ तिथि | 21.08.2019 |
| 5 | लिखित परीक्षा की अनंतिम तिथि | 27,28 व 29 सितंबर,2019 |

**ट. निर्णायक काल (टाई ब्रेकर)**

लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने वाले और कौशल परीक्षण में 'गो' प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के लिए टाई ब्रेकर का निर्णय निम्नवत् किया जायेगा:

आयु से वरिष्ठ अभ्यर्थी को उच्चतर क्रम दिया जायेगा।

**ठ. प.ऊ.शि.सं. से पत्र-व्यवहार:**

प.ऊ.शि.सं. द्वारा केवल निम्न मामलों में अभ्यर्थियों के साथ उनकी अभ्यर्थिता के संदर्भ में पत्र-व्यवहार किया जायेगा:

**ठ.1** लिखित परीक्षा की उत्तर-कुंजी, लिखित परीक्षा के बाद परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट(www.aees.gov.in)के**भर्ती टैब (रिक्रूटमेंट टैब)** में प्रदर्शित की जायेगी। यदि किसी अभ्यर्थी को लगता है कि उत्तर-कुंजी(ओं) में कोई विसंगति है तो उन्हें परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट पर उत्तर-कुंजी प्रदर्शित होने से 72 घंटों के अंदर दस्तावेजी साक्ष्य के साथ academicunit-aees@nic.in पर ईमेल भेजना होगा।परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था ऐसी विसंगतियों की जांच करेगी और उचित निर्णय लेगी (यदि आवश्यक हुआ तो संशोधित उत्तर-कुंजी का प्रकाशन किया जायेगा) जो अंतिम और बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में परमाणु ऊर्जा

शिक्षण संस्था द्वारा आगे कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा। परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट पर उत्तर-कुंजी प्रदर्शित होने से 72 घंटों के बाद यदि विसंगति संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है तो परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्थाद्वारा उस पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**ठ.2** यदि लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्र में पूछा गया कोई प्रश्न गलत पाया जाता है या किसी पूछे गए प्रश्न के सभी विकल्प गलत (अभ्यर्थी द्वारा परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट पर उत्तर-कुंजी प्रदर्शित होने से 72 घंटों के अंदर दावा करने तथा परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था द्वारा उसकी पुष्टि किए जाने के बाद) पाए जाते हैं तो उस प्रश्न को रद्द/अमान्य माना जायेगा। योग्यता क्रमसूची प्रश्नपत्र के मान्य प्रश्नों की कुल संख्या के आधार पर तैयार की जायेगी।

**ठ.3** परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था प्रश्न संबंधी आपत्ति(क्वेरी)/विसंगतियां प्राप्त होने की अंतिम तिथि से 4 से 5 दिनों के अंदर परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइटकेभर्ती टैब(रिक्रूटेमेंट टैब) में संशोधित/अंतिम उत्तर-कुंजी प्रदर्शित करेगी।

**ठ.4** संशोधित/अंतिम उत्तर-कुंजी परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट पर डाले जाने की तिथि से अधिकतम 10 दिनों की अवधि के लिए सार्वजनिक अवलोकन हेतु उपलब्ध रहेगी।

**ड.<u>सभी पदों हेतु लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षण हेतु परीक्षा केन्द्र:</u>**

**ड.1** लिखित परीक्षा निम्नलिखित केन्द्रों-

**(1) मुंबई (2) हैदराबाद (3) इंदौर /रावतभाटा और (4) जमशेदपुर** में आयोजित की जायेगी ।

**ड.2** तथापि कौशल परीक्षण केवल परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, केन्द्रीय कार्यालय, प.ऊ.कें.वि.-6, वेस्टर्न सेक्टर, अणुशक्तिनगर, मुंबई- 400 094 में आयोजित किया जायेगा।

**ड.3** विभिन्न पदों हेतु लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षण से संबंधित अनुसूची तथा अन्य विवरण परमाण ऊर्जा शिक्षण संस्था भर्ती पोर्टल (https://aees.mahaonline.gov.in) और परमाण ऊर्जा शिक्षण संस्था की वेबसाइट (www.aees.gov.in)पर अधिसूचित किया जायेगा।

**ढ.** अभ्यर्थी नोट करें कि लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षण में उनका प्रवेश ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर केवल अस्थायी होगा। यह भर्ती सूचना में यथाविनिर्दिष्ट मूल दस्तावेजों के संदर्भ में सभी पात्रता शर्तों के सत्यापन के तहत होगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा समस्त भर्ती/चयन प्रक्रिया के दौरान दी गई कोईभी जानकारी किसी भी चरण में असत्य पाई जाती है या योग्यता मापदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो आवेदक की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या नियुक्ति के बाद भी अस्वीकृत हो जायेगी।

**ण.** इस भर्ती संबंधी उत्तर-पत्रक(ओएमआर), ऑनलाइन आवेदन और अन्य संबंधित अभिलेख अंतिम परिणाम घोषित होने कीतिथि से केवल छः माहतक संरक्षित रखे जायेंगे और उसके बाद ये असंरक्षणीय होंगे।

**त.** इस भर्ती संबंधी कोई भी विवाद केवल मुंबई न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में आयेगा।

**किसी भी प्रकार की सिफ़ारिश को अभ्यर्थियों की अयोग्यता माना जाएगा।**

**संलग्नक-I**

## परीक्षार्थी को लिखने में शारीरिक सीमा (फिजीकल लिमिटेशन) संबंधी प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मैंने श्री/सुश्री/श्रीमती ______________________________ (दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम) _________________ प्रभावित व्यक्ति (दिव्यांगता प्रमाणपत्र में यथाल्लिखित दिव्यांगता का प्रकार और प्रतिशत), पुत्र/पुत्री ______________________________ , निवासी ______________________________________________________ (गांव/जिला/राज्य) की जांच की है और मैं कथन करता हूँ कि वह शारीरिक सीमा से प्रभावित हैं जो दिव्यांगता के कारण उनकी लेखन क्षमताओं को बाधित करता है।

हस्ताक्षर

किसी सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के
मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/ चिकित्सा अधीक्षक

नाम और पदनाम

सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य सेवा केंद्र का नाम मुहर सहित

स्थान:_____

दिनांक:_____

**नोट:**

प्रमाणपत्र संबंधित विषय/दिव्यांगता विशेषज्ञ (अर्थात दृष्टिबाधा – नेत्रविज्ञानी, लोकोमोटर दिव्यांगता-ऑर्थपेडीक विशेषज्ञ/पीएमआर) द्वारा दिया जाना चाहिए।

**संलग्नक-।।**

# अपनेस्क्राइब की सेवा लेने हेतु वचन-पत्र

मैं, ______________________________(अभ्यर्थी का नाम) ______________________ (दिव्यांगता का नाम) अभ्यर्थी हूँ और अनुक्रमांक ______________________ के साथ परीक्षा केंद्र __________________ , जिला ______________________ राज्य ______________________ में ______________________ (परीक्षा का नाम) की परीक्षा दे रहा हूँ। मेरी योग्यता____________ है।

मैं एतद्वारा कथन करता हूँ कि उपरोक्त परीक्षा में अधोहस्ताक्षरी को स्क्राइब/वाचक/प्रयोगशाला सहायक की सेवा ______________________ (स्क्राइब का नाम) प्रदान करेंगे।

मैं एतद्वारा वचन देता हूँ कि उसकी योग्यता ______________________ है।यदि आगे ऐसा पाया गया कि उसकी योग्यता अधोहस्ताक्षरी द्वारा घोषित योग्यता के अनुरूप नहीं है और मेरी योग्यता से अधिक है तो मैं पद पर अपना अधिकार और इससे संबंधित दावों को खो दूंगा।

**(दिव्यांग अभ्यर्थी का हस्ताक्षर)**

स्थान: _____

दिनांक:_____